॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे प्रभु! हे मेरे जीवन के संचालक! तू आकर हमें तपस्वी बना। हमें योगी बना। प्रभु! अब मुझे किसी ने संकेत कराया है कि तू तपस्वी बन। हे प्रभु! मेरे जीवन में, मेरे हृदय में जो नाना प्रकार की त्रुटियाँ हैं, उन त्रुटियों को मुझ से दूर करो, मैं त्रुटिदायक नहीं बनना चाहता। प्रभु! मेरा जीवन आपकी कृति में हो, मेरा जो जीवन है, मेरी जो संकलन धारा है, वह आपकी कृति में होनी चाहिए।

सुन्दर यज्ञ करने को देव पूजा कहा जाता है, जिसमें देवताओं का आदर होता है, देवताओं के लिए हवि प्रदान करते हैं। यजमान की अवस्था सौ वर्षों की होनी चाहिए। हे परमात्मन! आप अधिक से अधिक अवस्था दीजिए, जिससे विधाता! हमारा जीवन सँसार में पवित्र बनता जाए, और हम अपनी मानसिक इन्द्रियों को सुन्दर करते चले जाएँ। हम परमात्मा की कृति को हम उस परमात्मा को प्रातः और साँयकाल धन्यवाद करते चले जाएँ, जिससे हृदय में मानसिक बल आता चला जाए और **जिस मानव के हृदय में मानसिक बल होता है वह किसी भी काल में रुग्ण नहीं होता, उसको किसी प्रकार का भी दुःखद नहीं होता।** वह सदैव एक रस बना रहता है। निर्द्वन्द बना रहता है, ब्रह्मचर्यता को ले करके चलता है, अग्नि को ले करके चलता है, प्रकाश को ले करके चलता है और उस प्रकाश में वह प्राणी रहता है, जिसके पश्चात् अन्धकार नष्ट होता चला जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 526 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 601
वर्ष : 44 44 समग्र वर्ष : 51

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय		पृष्ठ संख्या
1.	प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2.	अनुक्रम		4
3.	याग के उद्गाता, अध्वर्यु	पूज्यपाद-गुरुदेव एवम् महर्षि महानन्द मुनि	5-19
4.	आत्म-ज्योति	पूज्यपाद-गुरुदेव	20-33
5.	ऋषियों के उद्गार		34
6.	Creation, and the Institution of National Order	Pujyapad-Gurudev	35-38
7.	दान, पुस्तकों की सूची व प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		39-42

श्रावणी पर्व

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा और पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज की पावमानी प्रेरणा से रक्षाबन्धन के शुभावसर पर दिनाँक 18-8-2016, दिन बृहस्पतिवार को प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी लाक्षागृह, बरनावा में सामवेद ब्रह्म-पारायण महायज्ञ का आयोजन श्री गाँधी धाम समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आप सभी इस यज्ञ में अपने परिवार, सगे-सम्बन्धियों एवम् मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

श्री गाँधी धाम समिति (पञ्जी.)

॥ ओ३म् ॥

याग के उद्गाता, अध्वर्यु

जीते रहो!

देखो मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। जो परमपिता परमात्मा यज्ञोमयी स्वरूप मानो याग उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है और वह उसी में वास कर रहा है। इसलिए उस परमपिता परमात्मा को यज्ञोमयी स्वरूप माना गया है। सँसार के एक-एक कण-कण में व्याप्त है और ये सँसाररूपी जो एक प्रकार की यज्ञशाला है। वेद का नेतृत्व करने वाले हैं और ये मानो उसी को संचालन करते हुए अपने में उसे धारण कर रहे हैं। तो हमारा वेद मन्त्र कहता है **यजम् भू ब्रहे कृत्त प्रवाहाः।** कि वे जो परमपिता परमात्मा जो यज्ञोमयी स्वरूप है मानो वह सर्वत्र विद्यमान रहते हैं। आओ उस परमपिता परमात्मा जो यज्ञोमयी स्वरूप है, जो पुरोहित है और पराविद्या के प्रसारण करने वाले हैं मानो वो उसी में रत्त रहने वाला है। जब ये सँसाररूपी यज्ञशााला का मेरे प्रभु ने निर्माण किया तो वे परमपिता परमात्मा स्वयं ब्रह्मा बने, आत्मा यजमान बन गया और ये पंचमहाभूत मानो देखो इनमें कोई होता, उद्गाता, अध्वर्यु के रूप में मानो होता के रूप में बेटा! दृष्टिपात आने लगा। तो मुनिवरों! ये सँसाररूपी यज्ञशाला का निर्माण हो गया। कैसी भव्य यह यज्ञशाला है, आत्मा कैसे यजमान बना हुआ है और वह परमपिता परमात्मा जो ब्रह्मा बन करके उद्गीत गा रहा है। वह उसी

के नेतृत्व में बेटा! ये ब्रह्माण्ड गति कर रहा है और वह गतिवान हो रहा है। तो इसलिए हम इस परमपिता परमात्मा की महती और अनन्तता के ऊपर हमें विचार विनिमय करना चाहिए। मेरे प्यारे! वे परमपिता परमात्मा वह पुरोहित है और वे पराविद्या को प्रदान करने वाले हैं। पराविद्या कौन-सी है जिसके ऊपर हमें विचार विनिमय करना है। तो मुनिवरों! वह पराविद्या अपने में महान कहलाती है।

मानव प्रेरणा का स्रोत

आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा न देता हुआ विचार केवल ये कि हम यजम् ब्रह्मा! हम याग के सम्बन्ध में अपने उद्गीत गाएँ क्यों कहीं से हमें ये प्रेरणा प्राप्त हो रही है। क्योंकि प्रत्येक मानव परम्परागतों से प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। प्रेरणा पाता रहता अपना विकास करता रहता है। प्रेरणा के आधार पर उसका क्रियाकलाप प्रारम्भ हो जाता है। तो मानो प्रेरित हो करके मुनिवरों! देखो! यह भव्यता को भव्यता में प्रवेश कर जाता है। तो इसी प्रकार आज हमें भी कहीं से ये प्रेरणा प्राप्त हो रही है कि याग के सम्बन्ध ये कुछ विचार दिया जाए। मानो याग किसे कहते हैं? बेटा! यागाम् ब्रह्माः मुझे वो काल स्मरण आता रहता है मेरे पुत्रों! देखो गाड़ीवान रेवक मुनि महाराज अपने आसन पर विद्यमान थे परन्तु देखो अपने में कुछ यागों की चर्चाएँ हो रही थीं।

पण अकाल

मेरे प्यारे! देखो एक समय ऐसा आया कि अकाल पड़ गया और पण अकाल हो गया जहाँ अन्न इत्यादि न रहा। तो मुनिवरों! देखो महात्मा अर्धभाग अपने आसन पर विद्यमान थे। जब अन्न नहीं रहा तो अन्न के न रहने से बेटा! प्राणों की क्षति होने लगती है। जब प्राणों की क्षति होने लगी तो महात्मा अर्धभाग कहीं से भ्रमण करते हुए अपने

गृह में प्रवेश हुए और गृह में उनकी पत्नी सवृतिका बेटा! अपने में व्याकुल हो रही थी। उन्होंने कहा देवी क्यों? महात्मा अर्धभाग ने जब ऐसा कहा तो उनकी देवी ने कहा हे प्रभु! पण अकाल हो गया है अन्न नहीं प्राप्त हो रहा है। मेरा ये प्राण सखा जा रहा है मानो देखो स्मरण शक्ति जा रही है। उन्होंने कहा देवी मैं कहीं से अन्न लाता हूँ।

शूद्र की विवेचना

मेरे प्यारे! महात्मा अर्धभाग भ्रमण करते हुए वे एक स्थली पर पहुँचे तो एक हाथीवान मानो उड़द पान कर रहा था। जब वह उड़दों का पान कर रहा था तो उन्होंने कहा भिक्षामही देही। जब महात्मा अर्धभाग ने भिक्षामही देही कहा उन्होंने बेटा! उसने अपने कृति में से मानो उड़दों को, माँ को उन्होंने प्रदान किया और ये कहा भगवन्! लीजिए। उन्होंने अपने में धारण कर लिए और वो मेरे प्यारे! वहाँ से भ्रमणम् क्रताम्। महात्मा अर्धभाग से हाथीवान ने कहा प्रभु जल भी प्राप्त करोंगे? तो उन्होंने कहा कि तुम शूद्र हो। जब ये शूद्र का वाक् उन्होंने उच्चारण किया तो मुनिवारों! देखो शूद्र कहते ही हाथीवान बोले कि प्रभु! मेरे जो उर्द हैं उन उर्द में तो मैं शूद्र नहीं हूँ परन्तु मैं जल में कैसे शूद्र हो जाऊँगा? तो महात्मा अर्धभाग ने उसका उ त्तर दिया कि जो पर्याप्त वस्तु है जिसे मैं स्वतः मैं धारण कर सकता हूँ, ले सकता हूँ उसका अभाव नहीं है मानो देखो उसमें तुम जो प्रदान मुझे अपने आश्रित करना चाहते हो तो तुम शूद्र हो। मेरे प्यारे! देखो महात्मा अर्धभाग के उस वाक् को पान करके हाथीवान बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा हे प्रभु! मङ्गलम् ब्रह्मे उन्होंने कहा इस अन्न का अभाव है हम जब अकाल देखो अन्न अकाल ये जो पण अकाल आया है इसमें अन्न नहीं रहा है ये अन्न प्राणों की रक्षा करने वाला है। ये मन को ऊर्ध्वा गति बनाने वाला है और जो मानो देखो तुम्हारे जो उड़द हैं वह ऊप्रहाः उनका अभाव है, अन्न नहीं है।

मेरे प्यारे! देखो वहाँ से महात्मा अर्धभाग ने गमन किया। हाथीवान को त्याग करके बेटा! अपने गृह में प्रवेश हुआ और अपनी पत्नी से कहा देवी ये माँ पान करो। मेरे प्यारे! देखो वह उड़दों को पान करने लगीं प्राणों की रक्षा हो गयी।

महात्मा अर्धभाग का अश्वपति के याग में स्वागत

कहीं से बेटा! देखो महाराज को, महात्मा अर्धभाग को महाराजा अश्वपति के यहाँ से निमन्त्रित किया गया और वे निमन्त्रण आया याग के लिए। उन्होंने कहा देवी अब तुम्हारे प्राणों की रक्षा हो जाएगी। मानो वे महामना राजा अश्वपति के यहाँ मेरा पर्दापण हो रहा है मैं याग में जाऊँगा। मेरे प्यारे! देखो महात्मा अर्धभाग ने अपनी देवी से आश्वासन ले करके वहाँ से गमन किया और भ्रमण करते हुए मुनिवरो! देखो वे महाराजा अश्वपति के राष्ट्र में पहुँचे और अश्वपति ने उनका बड़ा स्वागत किया, आसन दिया और आसन पर वे विराजमान हो गए। मेरे प्यारे! देखो यज्ञशाला का निर्माण हो गया था उन्होंने उद्गाता के आसन पर अपने आसन को ग्रहण किया। मेरे पुत्रों! देखो जब आसन पर विद्यमान हो गए। होताजन विद्यमान हैं ब्रह्मा इत्यादि उद्गाता, अध्वर्यु विद्यमान हैं।

उद्गाता के स्वरूप

मेरे पुत्रो! देखो उस समय महात्मा अर्धभाग ने उद्गाता के रूप में पर्दापण अपने आसन को उन्होंने ग्रहण किया। उन्होंने ब्रह्मा व्रते देवाः यजमान ने कहा या राजा ने कहा हे भगवन्, हे उद्गाता तुमने उद्गाता के आसन को लिया उद्गाता किसे कहते हैं? उन्होंने कहा प्रभु जो उद्गीत गाने वाला है और वह उद्गीत किसका गाता है जो वेद मन्त्रों को सुरों सहित गाने वाला है वह उद्गाता कहलाता है। मेरे पुत्रों! राजा ने जब ये वाक् श्रवण किया तो पुनः प्रश्न किया क्या हे उद्गाता तुम

उद्गाता के आसन पर विद्यमान हो और बिना मानो देखो बिना अनुमति लिए तुमने इस आसन को ग्रहण किया है ये उद्गाता कौन है? उन्होंने कहा ऐसा उद्गाता मानो सूर्य है जो बिना अनुमति के उदय हो जाता है और प्रकाश देता है और उद्गीत गाने लगता है। मानो देखो उद्गाता के रूप में वह उद्गायत्री रूपेण कहलाता है। मेरे प्यारे! राजा ने कहा हे अमृताम्, हे उद्गाता ये उद्गाता कौन है? उन्होंने कहा ये उद्गाता मानो देखो शरीर में उद्गाता के रूप में ये आत्मा है इसी के कारण ये उद्गीत गाने वाला है। दूसरे रूपों में ये प्राण है जो प्राण सखा मानो देखो गान गाने वाला है, ये दोनों ही उद्गीत गाते हैं। आत्मा का प्राण का जब तक समन्वय नहीं होता तब तक मुनिवरों! देखो कोई वाक् उच्चारण नहीं किया जाता। मेरे प्यारे! देखो ऋषि ने कहा, महात्मा अर्धभाग ने कहा हे राजन्! इसलिए **उद्गीत गाने वाला आत्मा और प्राण है।** मेरे पुत्रों! देखो उन्होंने कहा हे उद्गाता तुम अपने आसन पर विद्यमान हो ये उद्गाता कौन है जो आसन पर विद्यमान है? उन्होंने कहा ये उद्गाता अपनी यज्ञशाला में विद्यमान है मानो उस उद्गाता का समन्वय चन्द्रमा से रहता है वो चन्द्रमा अमृत को बहाता रहता है। वह चन्द्रमा मानो देखो वह अमृत को प्रदान करता है तो क्योंकि वह अमृता कहलाता है और यह यज्ञशाला में विद्यमान है मानो देखो वही उद्गाता स्थिर रहने वाला है। मेरे प्यारे! देखो उस समय पुनः राजा ने कहा प्रभु आप मेरे सभी प्रश्नों का उत्तर देते जा रहे हैं मैं एक समय और प्रश्न करूँगा क्या प्रभु! ये उद्गाता कौन है जो यज्ञशाला का देखो वेद मन्त्रों का निध्यासन करने वाला है? उन्होंने कहा प्रभु ये उद्गाता जो मानो देखो अग्नि के स्वरूप में विद्यमान रहता है। अग्नि ही मानो प्रत्येक स्वाहा को अपने में निगल जाती है, अपने में धारण कर लेती है। तो मानो देखो वही उद्गाता के रूप में वायु के सम्पर्क से मुनिवरों! देखो उद्गीत गाती रहती है।

मेरे पुत्रो! देखो राजा तो मौन हो गए परन्तु देखो राजलक्ष्मी उनकी देवी ने कहा हे प्रभु! आप उद्गाता बने हैं? उन्होंने कहा हाँ दिव्या। उन्होंने कहा **ऐसा उद्गाता कौन है जो उद्गाता के रूप में विद्यमान रहता है?** उन्होंने कहा ऐसा उद्गाता परमपिता परमात्मा है जो मानो देखो सर्वत्र सँसार को क्रियाशील बनाने वाला है और वह क्रियाशील बना करके मानो देखो अपने में उद्गीत गा रहा है वह सर्वत्र विद्यमान रहने वाला है। जितना भी सँसार रूपी यह याग हो रहा है उद्गीत गाया जा रहा है परन्तु उसका नेतृत्व करने वाला परमपिता परमात्मा है।

याग का समन्वय

मेरे प्यारे! देखो उन्होंने उनकी देवी ने कहा हे भगवन् मैं ये जानना चाहती हूँ इस याग का किससे समन्वय रहता है? उन्होंने कहा इस याग का उद्गाता से क्योंकि यदि उद्गाता नहीं होगा तो याग पूर्ण नहीं होगा क्योंकि वह उद्गीत गाता है, स्वाहा कहता है और वेद मन्त्रों का उद्गीत गाता है तो उससे याग सम्पन्न हो जाता है उन्होंने ब्रह्मणे कृतधाः देखो उसका जो समन्वय है वे मानो देखो! सूर्य से होता है। सूर्य ऊर्ज्या देता है गान गाता रहता है वह अतिथि बन करके ही मानो देखो याग को अध्वर्यु के उद्गाता के रूप में पूर्ण करा देता है। मेरे प्यारे! देखो ऋषि देवी ने कहा प्रभु इसका मानव के जीवन से क्या समन्वय होता है? उन्होंने कहा जीवन में प्रकाश आता है, ऊर्ज्या आती है और तपस्या में तल्लीन हो जाता है। मेरे प्यारे! देखो ऋषि पत्नि भी मौन गई, उन्होंने कहा धन्य है प्रभु!

अध्वर्यु

मेरे प्यारे! देखो इतने में कहीं से उदेन ऋषि महाराज उदेन ऋषि महाराज का आगमन हो गया और उदेन ऋषि ने कहा हे भगवन्! आप याग कर रहे हो उद्गाता के रूप में विद्यमान हो परन्तु ये जो तुम

उद्गाता के रूप में विद्यमान हो तुम्हारे याग में अध्वर्यु किसे कहते हैं? उन्होंने कहा अध्वर्यु उसे कहते हैं जो हिंसा से रहित होता है। जो मानो देखो अहिंसक कहलाता है वही अध्वर्यु कहलाता है। जैसे राजा का नाम अध्वर्यु कहलाता है यदि राजा के राष्ट्र में हिंसा होती है तो अध्वर्यु नहीं कहलाता इसलिए राजा का नाम अध्वर्यु कहलाता है। अध्वर्यु या नाम ब्रह्मणे क्रोतक प्रव्हा राजन्ना वह राजा ही अध्वर्यु कहलाता है। मेरे प्यारे! देखो जब ऋषि ने इस प्रकार वर्णन किया अपनी आभा में मानव को प्रदान किया तो अध्वर्यु उद्गान ब्रह्मणे लोकाम् ब्रह्मा कृतम्। उन्होंने कहा ये होताजन याग हो रहा है।

तो मेरे प्यारे! देखो याग प्रारम्भ होने लगा उन्होंने अधूम कहते हुए याग का संचालन होने लगा। मेरे प्यारे! देखो जब याग प्रारम्भ होने लगा बहुत समय तक याग चला परन्तु साँयकाल को याग का जब सम्पन्नता के आँगन में प्रवेश हो गए तो महाराजा अश्वपति ने बेटा! सर्वत्र मुद्राएँ और अन्न इत्यादि को उन्हें प्रदान किया।

महात्मा अर्धभाग का गृह में आगमन

उस अन्न को ले करके महात्मा अर्धभाग ने बेटा! अपने गृह को प्रस्थान किया और अपनी देवी से कहा हे देवी लो ये मानो देखो मुझे याग में से अन्न इत्यादि को प्राप्त कराया है राजा ने इसे तुम पान करो। वे बड़ी प्रसन्न हुईं उन्होंने कहा प्रभु क्या यागाम् भूतप् प्रव्हाऽम् हे प्रभु! आपने बहुत ही प्रियतम क्योंकि मेरे प्राण पुनः से जा रहे थे और वे गमन कर रहे थे आपने मुझे अन्नाद का पान कराया। मेरे प्यारे! देखो वह अम्रताम् देवक ब्रह्मणाः वह अन्न मानो देखो अमृत है जो प्राणों की रक्षा करने वाला हो।

याग अपने में अद्वितीय

मेरे पुत्रों! देखो परमपिता परमात्मा जो सृष्टि का निर्माण करता है मानो जो अध्वर्यु के रूप में विद्यमान रहता है वह अधिपत्य व देवत्त्व

कहलाता है। मेरे प्यारे! देखो वही तो अपने में धारण करता हुआ इस सँसार की प्रतिभा को अपने में धारयामि बना रहा है। तो विचार आता रहता है मेरे प्यारे! आज का विचार क्या? कि यागाम् ब्रह्मणे यागाम् रुद्र भागा अस्सुतम यागम् ब्रह्मणे कृतम् लोकाम् ये याग अपने में अद्वितीय कहलाता है। मानो देखो जो वायुमण्डल को पवित्र बना देता है और मानव मनोहितता को पवित्र बना देता है। हमारे यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के यागों का चयन होता रहता है, कहीं वृष्टि याग है, कहीं पुत्रेष्टि याग है, कहीं वाजपेयी याग है, कहीं अग्निष्टोम याग है, कहीं रुद्र याग है, कहीं ब्रह्म याग है, कहीं विष्णु याग है। मेरे पुत्रों! देखो कहीं अजामेध याग है और कहीं मुनिवरों। देखो यहाँ अश्वमेध याग का वर्णन किया जाता है। तो भिन्न-भिन्न प्रकार के यागों का चयन हमारे यहाँ वैदिक साहित्य में आता रहता है। तो आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा तुम्हें देने नहीं आया हूँ केवल विचार ये क्या याग के सम्बन्ध में मुनिवरों! देखो यागाम् हुतम् ब्रह्मणा लोकाम् वायु सम्भवा। तो आज का विचार अब मैं मुनिवरों! देखो सम्पन्न करने जा रहा हूँ। अब मेरे प्यारे महानन्द जी दो शब्द उच्चारण करेंगे।

पूज्य महर्षि महानन्द मुनि जी के उद्‌गार

ओ३म् यथाः ब्रह्मणा लोकम् वर्णचस्मा दिव्याऽाम्

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अथवा मेरे भ्रद ऋषि मण्डल अभी-अभी मेरे पूज्यपाद गुरुदेव गागर में सागर की कल्पना कर रहे थे मानो गागर में सागर भरण कर रहे थे। इनकी मनोनैतिकता ये रहती है कि मैं याग के सम्बन्ध में जितना उद्‌गीत गा सकूँ उतना गाऊँ। परन्तु आधुनिक कर्णम् ब्रहे कृतक मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ये अभी-अभी महात्मा अर्धभाग की गाथा के रूप में वर्णन करते हुए उन्होंने याग का प्रारम्भ किया और याग में अध्वर्यु उद्‌गाता और यजमान और ब्रह्मा इत्यादियों का वर्णन किया। इनके विचारों में सदैव एक महानता का दर्शन होता

रहता है। परन्तु आज मैं विशेष चर्चा नहीं केवल अपने पूज्यपाद गुरुदेव को मुझे कुछ उच्चारण करना है क्योंकि आज जो हमारी ये आकाशवाणी, हमारा ये जो विचार जा रहा है। जहाँ ये विचार जा रहा है मृत मण्डल में वहाँ एक याग सम्पन्न हुआ। वहाँ मानो देखो यजुन्तहः एक याग को सम्पन्न किया गया। मेरा अन्तर्हृदय मानो सदैव यजमान के साथ रहता है।

वाम मार्ग

ये जो वर्तमान का काल चल रहा है भगवन्! ये एक ऐसा काल है जिसे हम वाम मार्ग कहते हैं। वाम मार्ग उसे कहते हैं जहाँ सुरा और सुन्दरी में मानो देखो सुरा में विशेष मानव की रुचि बन गयी, द्रव्य में विशेष रुचि बन गई है। कर्मणाथ धर्माथ काममोक्षां भूतम् ब्रह्मे इससे मानव वंचित होता जा रहा है। तो मार्ग तो है परन्तु देखो उल्टा मार्ग है और उल्टे मार्ग में गमन करने वाला ही वाम मार्ग कहलाता है। वाम मार्ग का अभिप्रायः ये है क्या जहाँ मानव भक्ष्य और अभक्ष्य पदार्थों का पान करने लगता है। विचार आता रहता है मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से वर्णन कराता रहता हूँ। मानो देखो आधुनिक काल का जो राष्ट्रवाद है वह भी अन्धकार की प्रतिभा में मानो परिधि में गमन कर रहा है वह परिधि ही रूपों में अभ्योदय हो रहा है।

धर्म

जब मैं यह विचारता रहता हूँ कि नाना प्रकार की जो रूढ़ियाँ पनप रही हैं ये रूढ़ियाँ नष्ट होनी चाहिएँ परन्तु देखो राष्ट्रवाद ऐसा राष्ट्रवाद है जो नाना रूढ़ियों को नाना धर्म कहता रहता है। मैं ये कहता रहता हूँ कि **ये जो धर्म है एक वचन कहलाता है** ये मानो देखो बहुवचन नहीं होता। बहुवचन में रूढ़ियाँ आती हैं और एक वचन में धर्म आता है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे कई काल में वर्णन कराते

हुए कहा क्या **ये जो धर्म है ये इन्द्रियों में समाहित रहता है।** प्रत्येक इन्द्रियों में देखो जो जिसका कर्म है जिस इन्द्री का वह उसका धर्म है और वे धर्म ही मानवीयत्व में सदैव निहित रहता है।

राजा

नाना प्रकार की रूढ़ियाँ मानो नहीं रहनी चाहिएँ। यदि राजा को अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाना है, महान बनाना है तो राजा के राष्ट्र में रूढ़ियाँ नहीं रहनी चाहिएँ। फिर रूढ़ियों के रूप में मुनिवरों! देखो मानवीयता अपने में गमन करने वाली है कृतियों में रत्त रहने वाली है। जब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से ये कहता रहता हूँ हे पूज्यपाद ये मानो देखो राष्ट्रवाद क्या है? मैं राष्ट्रवाद की चर्चा करने लगता हूँ तो राष्ट्रवाद एक स्वार्थपरता रह गई है, कर्त्तव्यवाद नहीं रहा है क्योंकि मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी-अभी वर्णन कराया कि अध्वर्यु नाम राजा का है और वह कौन-सा अध्वर्यु है जो जिसके राष्ट्र में देखो हिंसा न होती हो।

भगवान् मनु का राष्ट्र

हमारे यहाँ भगवान मनु ने सबसे प्रथम देखो जब राष्ट्र का निर्माण किया तो निर्माण करने के पश्चात् एक समय भगवान मनु देखो एक समय समुद्र तट पर स्नान करने के लिए पहुँचे। जब समुद्रों में स्नान किया स्नान करने के पश्चात् देखो उन्होंने मार्जन किया और मार्जन करके प्रभु का चिन्तन करते हुए उन्होंने अपने कमण्डलु को जल में परोक्षण किया तो उसमें एक मछली आ गई और वह मछली ने अपने वेदना में ही कहा राजा से क्या हे राजन्! मैं तुम्हारी शरण में आई हूँ, क्योंकि यहाँ प्रायः समुद्र में देखो विशेष मछली छोटी मछली को अपने में आहार कर जाती है। वे मानो देखो अपने में उदर की उदर परणित कर लेती हैं इसलिए मैं आपकी शरण में आई हूँ, मेरी रक्षा

करो। तो कहते हैं कि भगवान मनु कमण्डलु में मछली को ले आए और उन्होंने कुछ समय तक वह कमण्डलु में पनपती रही। कुछ समय के पश्चात् वही मछली मानो देखो गढेले में रही और वह मछली मुनिवरों! देखो बहुत प्रबल हो गयी। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे वर्णन कराया क्या जब वह मछली प्रबल हो गयी, बलवती हो गयी, तो मछली ने ये कहा हे राजन्! अब मैं अपने समुद्र में गमन कर रही हूँ, और कुछ समय के पश्चात् जल प्लावन आएगा और जल प्लावन में देखो तुम एक नौका बनवा लेना और नौका में विद्यमान हो जाना और जब तुम्हारी नौका हिमालय से मिलान करेगी तो उस समय मेरे देखो मेरे से इस मौका को जकड़ देना तुम्हारे प्राणों की रक्षा जो जाएगी। मेरे प्यारे! देखो पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे वर्णन कराया था एक समय कि वह जल प्लावन जब जल प्लावन आया तो उस समय देखो यह पृथ्वी जल मग्न हो गयी और वह नौका महाराजा मनु ने नौका का निर्माण किया था। वह नौका में विद्यमान थे और वह नौका गमन करने लगी। जब वह हिमालय से जा करके अपना मिलन किया तो वह मछली उन्हें प्राप्त हुई और मछली से उन्होंने अपनी नौका को जकड़ दिया और जकड़ देने के पश्चात् वह अप्रताम् जल प्लावन शनैः-शनैः समाप्त होने लगा और वह नौका भी गमन करने लगी। परन्तु देखो नौका अपने में ब्रहेस्सतम और मछली अपने समुद्रों में गमन कर गई। तो विचार-विनिमय क्या कि हमारे यहाँ मछली से ले करके प्राणीत्व की जो रक्षा करता उसका नाम राजा है, वह अध्वर्यु है जो निर्माण देखों राष्ट्र का निर्माण करने वाला है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने वर्णन कराया क्या भगवान मनु ने सबसे प्रथम राष्ट्र का निर्माण किया था और राष्ट्र का निर्माण इसलिए क्योंकि मानो प्राणी अपने कर्तव्य से जब विहीन हो जाता है तो राष्ट्र का निर्माण होता है। और वो राजा अपने राष्ट्र में मानो देखो मनोनीतता लाता

रहता है और वो मनोनीतता ही मानवीयता कहलाती है और उससे मानव के देखो प्राणों की राजा रक्षा होती है।

राजा और राष्ट्र

जिस राजा के राष्ट्र में प्राण मानो देखो प्राणी प्राणी को भक्षण करता रहता है, सुरापान करता रहता है वह राष्ट्र मानो देखो राष्ट्र अग्नि के मुख में चला जाता है। जब राष्ट्र मानो राजा स्वयं हिंसक हो जाता है हिंसा में परणित हो जाता है तो राजा का राष्ट्र देखो आज नहीं तो कल नष्ट होता चला जाएगा। तो विचार आता रहता है मैं ये कहता रहता हूँ, हे राजन्! तुझे अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाना है तो त्याग और तपस्या में परणित होना है। हे राजन्! यदि तुझे अपने राष्ट्र को महान बनाना है तो ये भिन्न-भिन्न प्रकार की ईश्वर के नाम पर रूढ़ियाँ नहीं रहनी चाहिएँ क्योंकि जितनी रूढ़ियाँ रहेगीं उतनी ही राष्ट्र में मानो देखो राष्ट्र में अशान्ति रहेगी। एक प्राणी प्राणी को नष्ट करता रहेगा, विचारों में भिन्नता रहेगी। इसलिए देखो विचारों में एकोकीकरण करने के लिए राजा को अध्वर्यु बन करके देखो हिंसा से रहित हो करके और अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाना है। और राजा के राष्ट्र में ये रूढ़ियाँ कैसे समाप्त होती हैं? रूढ़ियाँ जब समाप्त होती हैं जब प्रत्येक रूढ़ियों के आचार्यों को राजा अपनी स्थली पर विद्यमान करता हुआ राजा ब्रह्मवेत्ता हो, वेद का ज्ञाता हो ज्ञान और विवेक उसमे समीप होना चाहिए और जब वह देखो उन आचार्यों के मध्य में विद्यमान हो करके शास्त्रार्थ होना चाहिए और विचार-विनिमय करते हुए देखो जो शास्त्रार्थ में देखो जो विचार विज्ञान और मानवीयता और धर्म पे जो स्थिर हो जाएँ उसको अपनाना है और राजा को अपने राष्ट्र को उन्नत बनाना है। ऐसा मानो देखो वेद का आशय कहता है, आचार्यजन कहते हैं। तो विचार आता रहता है मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को ये वर्णन कराता रहता हूँ, अपने विचार देता रहता हूँ क्या इस सँसार में देखो यदि राष्ट्र

को ऊँचा बनना है तो उसे ब्रह्मवेत्ता होना होगा अहिंसा से रहित मानो देखो हिंसा रहित होना होगा। अहिंसा में अपने को परणित करना होगा क्योंकि हिंसा ही मानव की मृत्यु है और अहिंसा ही मानव का जीवन माना गया है।

इसलिए देखो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे बहुत-सी वार्ताएँ प्रगट कराईं। मैं उनके वाक्यों की पुनरुक्ति करता रहता हूँ विचार देता रहता हूँ क्या हे राजन् अम्रतम् ब्रह्मे मेरा जो अन्तर्हृदय है वो यजमान के साथ रहता है। क्योंकि ये वाममार्ग का काल है यहाँ सुरा में और द्रव्य में मानव विशेषकर, देखो अपने को ले जाता जा रहा है और ये अमृता न रहकर के ये केवल देखो विष पान करता हुआ अपने जीवन को मृत्यु के आँगन में ले जा रहा है प्राणी। इसके मूल में राजा है। यदि राजा अपने जीवन को महान बनाना और राष्ट्र को उन्नत बनाना चाहता है तो हिंसा को नष्ट कर देना चाहिए। जितने अभक्ष्य पदार्थ हैं उन पदार्थों को पान नहीं करना चाहिए। राजा का ये कर्तव्य है। तो मैं ये कह रहा हूँ ये वाम मार्ग का काल है जो वर्तमान का काल चल रहा है ये वाम मार्ग है। वाम मार्ग उसे कहते हैं जो उलटे मार्ग पर गमन करता है।

यजमान को आशीर्वाद

हे यजमान मेरा अन्तरात्मा तेरे साथ रहता है तू अपने द्रव्य का अपने गृह में सदुपयोग कर रहा है और दुरिता को अपने में शान्त कर रहा है मेरा अन्तरात्मा मानो तेरे साथ है। हे यजमान तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। तू मानो देखो अपने मनोहृदय में पवित्रता को लाने में सदैव तत्पर रहे ऐसा मेरा सदैव, मन्तव्य रहता है और मैं विशेष विचार देने नहीं आता हूँ, केवल मैं केवल अपने हृदय की वार्ता और मेरे हृदय में जो उद्गार हैं उन उद्गारों को उद्गीत गाने के लिए आता हूँ। अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा।

पूज्यपाद-गुरुदेव

मेरे प्यारे ऋषिवर! आज मेरे प्यारे! महानन्द जी ने अपने बड़े विचित्र विचार राष्ट्र के सम्बन्ध में कि राष्ट्र कैसे उन्नत हो सकता है। इन्होंने बहुत प्रियता की वार्ता प्रकट की कैसे रूढ़ियाँ समाप्त हो सकती हैं। ये जो ईश्वर के नाम पर जो रूढ़ियाँ हैं कोई ईसा के मानने वाला है, कोई मौहम्मद के मानने वाला है और भी नाना प्रकार की जो रूढ़ियाँ हैं ईश्वर के नाम पर ये समाप्त होनी चाहिएँ और ये समाप्त जब होंगीं जब राजा स्वयं ब्रह्मज्ञानी बन करके और रूढ़िवादियों के आचार्यों के मध्य में विद्यमान हो करके वेद का शास्त्रार्थ हो उनके विचारों को श्रवण किया जाएँ और जो धर्म मानवता के ऊपर निर्धारित हो जाए उसको अपनाना चाहिए। मेरे प्यारे! महानन्द जी के हृदय में कितनी दाह है, कितनी विडम्बना है। ये मैं प्रभु से कहता रहता हूँ कि हे प्रभु ये विडम्बना शान्त होनी चाहिए और ये विडम्बना महानता में परणित हो जाए। समाज एक महानता का गीत गाने लगे और उन्होंने अपने हृदय को यजमान के साथ नियुक्त किया। तो आज का विचार-विनिमय क्या? कि हम परमपिता परमात्मा की महती अनन्तता के ऊपर विचार-विनिमय करते रहें और देखो ये अपने हृदय से उद्गार जो राष्ट्रवाद है, भगवान मनु ने इसको निर्धारित किया इस राष्ट्रवाद को उन्नत बनाना यह हमारा कर्तव्य माना गया है और देखो धर्म मर्यादा में परणित रहना चाहिए और प्रत्येक शब्द के ऊपर विचार-विनिमय महानता में गमन करना चाहिए। जैसा अभी हम उच्चारण कर रहे थे कि परमपिता परमात्मा का ये जो ब्रह्माण्ड है ये एक प्रकार की यज्ञशाला है इसमें याग हो रहा है। इसमें प्रत्येक मानव याग कर रहा है। मेरी प्यारी माता याग कर रही है। ये सँसार रूपी याग देखो यज्ञशाला अपने में गतिवान है ब्रह्मा यजमान है और देखो ब्रह्मा ब्रह्मणे गुरुत्त्व उसमें बना हुआ है। आत्मा यजमान है। होतागण मानो ये पञ्चीकरण जो पञ्च महाभूत हैं और ये सर्वत्र अपनी-अपनी आभा में नृत्य हो रहा है।

कैसा मेरे प्यारे प्रभु का ये जगत है लोहाण ध्रुवांत प्रव्हे ये ध्रुवांश कहलाता है, मानो ये देखो यज्ञ की नाभि कहलाता है। यज्ञ ही देखो पृथ्वी की नाभि है जैसे माता की नाभि से बाल्य को अमृत प्रदान किया जाता है इसी प्रकार यज्ञशाला भी एक प्रकार की देखो पृथ्वी को नाभि है और ये नाभि बन करके सुगन्धि देता रहता है। ये सुगन्धित करता है वो अमृत देता है प्रभु का बड़ा विशाल ये विज्ञानमयी भवन है जिसके ऊपर हम सदैव अपनी विचारधारा प्रगट करते रहते हैं।

आज का विचार-विनिमय क्या कि हमारा परमपिता परमात्मा की महती अनन्तता के ऊपर विचार-विनिमय होना चाहिए। ये है बेटा! आज का वाक् अब समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चा कल प्रगट करूँगा। आज का वाक् समाप्त, अब वेदों का पठन पाठन होगा।

ओ३म् ब्रह्म भा गश्चना आपा रथमं मान्यत्वाः।
ओ३म् मनु गायनत्वाः आपा रथम् ब्रह्मा गायाऽम्।।

दिनाँक : 3 जुलाई, 1989

समय : प्रातः 8 बजे

स्थान : ग्राम माकड़ी,
बुलन्दशहर

॥ ओ३म् ॥

आत्म-ज्योति

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की प्रतिभा का वर्णन किया जाता है। क्योंकि वह मेरा देव विज्ञानमय माना गया है। जितना भी ज्ञान और विज्ञान इस सँसार में दृष्टिपात आ रहा है, यह उस महान् मेरे प्यारे प्रभु की महत्ता है अथवा उसकी प्रतिभा है।

परन्तु आजका हमारा वेदमन्त्र हमें नाना प्रकार की प्रेरणा दे रहा था और उन प्रेरणाओं में से ''अभ्यम् गतिः वृण्श्यतम् देवम् अदितिः ऋषि। ब्रह्म ब्राह्मणाः कृतम् देवाः।'' वेद में इस प्रकार के नाना मन्त्र आते हैं। हमारे यहाँ नाना दार्शनिकों का जब समूह विद्यमान होता है तो नाना प्रकार का विचार-विनिमय भी होता रहता है क्योंकि इस सँसार के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न प्रकार की विचार धाराएँ मानव के मस्तिष्कों में होती रहती हैं। मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जिस काल में बेटा! राजा जनक के यहाँ ब्रह्मयाग होता रहता था। यहाँ नाना प्रकार के यागों का वर्णन वैदिक साहित्य में आता रहता है। जैसे ब्रह्म-याग है, गो-मेध याग है, अश्वमेघ-याग है, वाजपेय-याग है, अग्निष्टोम याग है और भी नाना प्रकार के यागों का चयन अथवा वर्णन वैदिक साहित्य में आता रहता है। आज मैं यागों का प्रकरण अथवा उसकी आभा का वर्णन करने नहीं आया हूँ।

राजा जनक और उनकी पत्नी का चिन्तन

आज मैं तुम्हें कुछ परिचय देने के लिए आया हूँ और वह परिचय क्या? आज मैं तुम्हें पुत्रो! त्रेताकाल में ले जाना चाहता हूँ। आज मैं उस काल में ले जाना चाहता हूँ जहाँ ब्रह्मवेत्ताओं का समूह विद्यमान था और वहाँ ब्रह्म की विवेचना होती रहती थी और इस महान् जगत् के ऊपर नाना प्रकार की टिप्पणियाँ प्रारम्भ रहती थीं। बेटा! मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जिस काल में राजा जनक और उनकी पत्नी अपने यहाँ देव-पूजा करते रहे हैं। एक समय मध्यरात्रि में दोनों विद्यमान हैं और राजा जनक की पत्नी के एक वेद-मन्त्र स्मरण आया और वह वेद-मन्त्र कह रहा था ''हिरण्यम् ब्रह्मणो कृतम् बृहिः वृतम् चक्षुः ज्योतिः जिव्याहम् हिरण्यम् ब्रहेः प्रभाः।'' वेद के विचारकों के समीप ये वेदमन्त्र आता रहता है। अब जब ये राजा जनक की पत्नी के समीप आया, तो वे मध्य रात्रि में चिन्तन करने लगीं। उसने अपने देव से कहा, पति राजा जनक से कहा कि महाराज! यह वेदमन्त्र क्या कह रहा है? यह वेदमन्त्र यह कह रहा है कि हमारे जो नेत्र हैं, हमारे जो चक्षु हैं वे किसके प्रकाश से प्रकाशमान हो रहे हैं। मेरे प्यारे! राजा जनक और उनकी पत्नी बेटा! दोनों विचार-विनिमय करते थे। मध्यरात्रि से प्रातःकाल हो गया, वे अपने में इसका कोई निपटारा नहीं कर सके।

जब नहीं कर सके तो तो दोनों अपने आसन को त्याग करके, अपनी क्रियाओं से निवृत्त हो करके जहाँ वे योग करते थे, प्रातःकालीन देव-पूजा करते थे वे देव-पूजा स्थली में जा पहुँचे और वे याग करने को जब विद्यमान हो गए, तो मेरे पुत्रो! महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज जो राजा जनक के महान् आचार्य थे और गुरुजन थे, मेरे प्यारे! चाक्राणी गार्गी और वे महाराजा के पुरोहित और भी नाना ब्रह्मवेत्ता जैसे महात्मा दिग्गः, महर्षि प्रह्वाण, महर्षि दालभ्य, महर्षि रेवक, महर्षि क्रेतकेतु और भी नाना ऋषि बेटा! वहाँ विद्यमान थे। अब मुनिवरो!

देखो यजमान ने यह कहा कि आज मैं कोई भी प्रश्न आचार्य से नहीं कर पाऊँगा। मेरे प्यारे! देखो, वे याग करने लगे। जब अग्नि होत्र किया तो दोनों उपासना करने के पश्चात् राजा और उनकी पत्नी मौन हो गए, शान्त हो गए।

महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज और राजा जनक का सम्वाद

सूर्य का प्रकाश

राजा जनक को शान्त दृष्टिपात करके महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बोले, हे राजन्! हे यजमान! आज तुम मेरे से कोई प्रश्न कर सकते हो। वे दोनों अत्यन्त प्रसन्न हो करके बोले, कि हे प्रभु! हम यह जानना चाहते हैं कि हमारे जो नेत्र हैं वे किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? कौन इनका प्रकाशक है? कौन प्रकाश दे रहा है? तो मुनिवरो! जब उन्होंने ऐसा कहा तो राजा जनक के वाक्यों को पान करके ऋषि बोले, हे राजन्! इसको प्रत्येक मानव जानता है, प्रत्येक मेरी पुत्री जानती है, प्रत्येक बालक जानता है कि हमारे जो नेत्र हैं वे सूर्य के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं। **सूर्य हमारा अदिति कहलाता है, वह चक्षुओं का मित्र कहलाता है** और मानव उसी के प्रकाश से प्रकाशमान होता है। प्रातःकाल जब सूर्य उदय हो जाता है तो उसी के प्रकाश से प्रकाशित हो जाता है और वह प्रकाश देने लगता है। वह संसार का व्यापार, संसार का कार्य प्रारम्भ कर देता है। यह सूर्य अदिति कहलाता है, यह अदिति है, लोक-लोकान्तरों को तपाने वाला है। नाना पृथ्वियाँ इसके आंगन में तपती हैं। यह सूर्य जब प्रातःकाल में उदय होता है तो यह प्रकाश देता रहता है। इसी के प्रकाश से यह संसार प्रकाशमान होता रहता है। तो हे राजन्! देखो मानव को यह प्रकाश देता है। माता के गर्भस्थल में भी यह सूर्य ही प्रकाशक बना हुआ है और प्रकाश देता रहता है।

मेरे प्यारे! उन्होंने कहा कि जैसे 'गौ' नाम का पशु है, 'गौ' नाम के पशु के रीढ़ के विभाग में एक **'सूर्यकेतु'** नाम की नाड़ी होती है, उसका ऊर्ध्व मुख होता है और जब सूर्य उदय होता है, सूर्य की किरणें आती हैं तो उन किरणों को वह नाड़ी अपने में आकर्षित कर लेती है। तो मेरे प्यारे देखो! जो स्वर्ण की मात्रा इसमें विशेष होती है, वह जो 'स्वर्णकेतु' नाम की नाड़ी है वह उसी को अपने में ग्रहण कर लेती है, उन परमाणुओं को अपने में सींच लेती है और वह जो 'गौ' नाम के पशु में नाना प्रकार के यन्त्रालय विद्यमान हैं उन यन्त्रालयों में वह परमाणु जाते हैं। गौ के दुग्ध घृत में मानो पीतवर्ण कहलाता है, पीतवर्ण इसीलिए होता है, क्योंकि उसमें स्वर्ण मात्रा विशेष होती है। हमारे आचार्यों ने, ऋषि-मुनियों ने 'गौ' नाम के पशु को बेटा! **आग्नेय-पशु** माना है, इसका सम्बन्ध सूर्य से विशेष रहता है।

विचार-विनिमय क्या? यह नाना प्रकार की वनस्पतियों को तपाने वाला है, इस पृथ्वी, माता-वसुन्धरा के गर्भ में नाना प्रकार के खनिज को देने वाला है, खाद्य को प्रदान करने वाला है। मेरे प्यारे! पृथ्वी के गर्भस्थल में कहीं जल को शक्तिशाली बनाया जा रहा है, कही पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार की धातु का निर्माण हो रहा है, कहीं स्वर्ण का पिपाद बनाया जा रहा है। ये सब सूर्य की प्रतिभा है। यह महान् सूर्य जो तप रहा है, चक्षुओं का मित्र बना हुआ है यह उसी की प्रतिभा कहलाती है। मेरे प्यारे! देखो ऋषि ने कहा, हे राजन्! ऐसा जो सूर्य है, जो प्रातःकाल होते ही माता अपने पुत्रों को जागरूक कर देती है, कहती है, ''हे बालक! जागरूक हो जाओ सूर्य उदय हो गया है।'' मेरे प्यारे! ऐसा जो सूर्य है उसकी प्रतिभा, उसकी ऊषा आते ही पक्षीगण भी अपनी आभा का गुणगान गाने लगते हैं। ऐसा जो अदिति है, ऐसा जो सूर्य है मेरे प्यारे! वह इन चक्षुओं का मित्र कहलाता है।

चन्द्रमा का प्रकाश

राजा ने कहा, हे ऋषिवर! इसकी मीमांसा मैं विशेष नहीं चाहता हूँ, मेरी इच्छा यह है, मैं यह जानना चाहता हूँ, जब सूर्य नहीं होता तो हमारे नेत्रों का देवता कौन है? प्रभु! क्योंकि सूर्य तो अस्ताचल को चला जाता है उसके उपरान्त किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? मेरे प्यारे महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ब्रह्मवेत्ता ने कहा, हे राजन्! जब यह सूर्य नहीं होता तो चन्द्रमा से प्रकाशमान होते हैं। **यह चन्द्रमा हमारे नेत्रों का देवता है,** यह चन्द्रमा अमृत को बिखेरने वाला है, यह चन्द्रमा हमारा देवता है। ''आभ्याम् गतम् ब्रह्म लोकाम् अमृताम् देवम् ब्रह्म लोकाः।'' जब माता के गर्भस्थल में शिशु होता है, माता के गर्भस्थल में रसना के निचले विभाग में एक **'चन्द्रकेतु'** नाम की नाड़ी होती है, उस नाड़ी का सम्बन्ध माता की 'पुरीतत' नाम की नाड़ी से होता है और पुरीतत नाम की नाड़ी का सम्बन्ध माता की लोरियों से होता है और माता की लोरियों से पंचम नाड़ी बन करके चलती हैं और अमृत बहाने वाला चन्द्रमा है। बेटा! देखो, माता की नाभि से बालक का इन नाड़ियों से सम्बन्ध होता है, तो वहाँ अमृत प्रदान किया जाता है, वह कौन बना रहा है बेटा! वह कौन अमृत दे रहा है? मेरे प्यारे! वह चन्द्रमा है वह 'सोम' कहलाता है वह आभा में रमण करने वाला है। मुनिवरो! देखो, वह चन्द्रमा जो कान्ति बन करके 'रेणुका' को 'रेणुका' बना देता है। हमारे यहाँ मुनिवरो! देखो, रात्रि को प्रकाश में लाने वाला चन्द्रमा है। अमृत को बहा देता है नाना प्रकार की वनस्पतियाँ उसी से रसों का स्वादन लेती रहती हैं और नाना प्रकार का जो यह सोम चन्द्रमा, चन्द्रमा सोमरस बन करके समुद्रों को तपाता रहता है। समुद्रों से नाना प्रकार का जो 'सोम' उत्पन्न होता है उससे मेघ और मेघों से सुन्दर-सुन्दर वृष्टि प्रारम्भ हो जाती है। आओ मेरे प्यारे! देखो यह चन्द्रमा! हमारे नेत्रों का देवता है, **यह चन्द्रमा ही,**

अहा! अमृत को बहाने वाला है। एक नहीं प्रभु के राष्ट्र में नाना चन्द्रमा हैं। एक 'आकाश गङ्गा' में नाना चन्द्रमा हैं परन्तु वे चन्द्रमा रात्रि के प्रकाश में 'अमृत' को बहा देते हैं। तो मेरे पुत्रो! देखो! राजा पुनः मौन हो गए।

तारा मण्डलों का प्रकाश

